| FA | 1 |
|---|---|

# राज्य स्तरीय आकलन

## सत्र 2019–20

## सुझावात्मक गतिविधियाँ

**कक्षा :** 7 — **विषय :** हिन्दी

Paper Code : **7011** — **पूर्णांक :** 10

**निर्देश – खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।**

### खण्ड 'अ'

**(अंक 05)**

**LO – L-702 -** किसी सामग्री को पढ़ते हुए लेखक द्वारा रचना के परिप्रेक्ष्य में कहे गए विचार को समझकर और अपने अनुभवों के साथ उसकी संगति, सहमति या असहमति के संदर्भ में अपने विचार अभिव्यक्त करते हैं।

**गतिविधि –(1)** जिस प्रकार कल्पना चावला ने अपने लक्ष्य प्राप्ति से विश्व में अपनी पहचान बनाई उसी प्रकार छात्र अपने लक्ष्यों के बारे में कक्षा में चर्चा करेंगे।

**जीवन लक्ष्य पर चर्चा**

**निर्देश –** (1) शिक्षक के द्वारा कल्पना चावला की जीवनी से संबंधित वीडियो/पत्रिका/समाचार पत्र/फिल्म/सफलता की कहानी आदि दिखाना/बताना ।

(2) शिक्षक छात्रों को समूह में बाटेंगे। (बच्चों की संख्यानुसार)

(3) शिक्षक छात्रों की ओर से बताए जाने वाले लक्ष्यों को श्यामपट में अंकित करेंगे। जैसे – डॉक्टर, शिक्षक, इंजीनियर, मंत्री, वैज्ञानिक आदि।

(4) शिक्षक साथ ही प्रश्न करेंगे, जैसे – आप वैज्ञानिक ही क्यों बनना चाहते हैं?

(5) शिक्षक सभी छात्रों को अपनी चर्चा में शामिल करेंगे।?

(6) शिक्षक समूह निर्धारण (विषयवस्तु हेतु) सिक्का उछालकर या एक डिब्बे में चिट अलग–अलग समूहों के नाम बनाकर डालेंगे हर समूह को टॉपिक देकर चर्चा शुरू करेंगे।

**कौशल –** (1) अभिव्यक्ति — 01 अंक

(3) शब्द भंडार 01 अंक

(4) जिज्ञासा 01 अंक

(5) मनन / चिंतन 01 अंक

(6) कल्पना शक्ति 01 अंक

## चर्चित व्यक्तियों पर परिचर्चा

**गतिविधि —(2)** भारत की आजादी में अनेक आंदोलनकारियों का योगदान रहा। कुछ आंदोलन कारियों को चिह्नांकन कर समूह में छात्र चर्चा करेंगे।

**निर्देश —** (1) शिक्षक मोबाइल/लैपटॉप/चलचित्र/पत्रिका/समाचार पत्र के माध्यम से छात्रों को आंदोलनकारियों के बारे में बताएगें।

(2) शिक्षक समूह विभाजन कर चर्चा करेंगे।

(3) शिक्षक क्रांतिकारियों की चित्र दिखाकर पहचानने के लिए कहेंगे।

(4) शिक्षक पहचाने हुए क्रांतिकारियों के नाम श्यामपट में अंकित करते जायेंगे।

(5) पहचाने हुए क्रांतिकारियों के जीवन के बारे में शिक्षक छात्रों को बताएंगे।

(6) उनकी प्रमुख विशेषताओं पर सह—चर्चा करेंगे।

**कौशल —** (1) तर्कशक्ति 01 अंक

(2) कल्पना शक्ति 01 अंक

(3) मौखिक अभिव्यक्ति 01 अंक

(4) हाव—भाव 01 अंक

(5) शब्द भंडार 01 अंक

## विवेक आधारित चर्चा

**गतिविधि —(3)** आपने अपने आस–पास कभी न कभी सदाचार एवं भ्रष्टाचार होते देखा अथवा सुना होगा, उन अनुभवों पर समूह में चर्चा कीजिए।

**निर्देश —** (1) शिक्षक संबंधित संदर्भ पर छात्रों से चर्चा करेंगे।

(2) छात्रों को समूह में बाटेंगे।

(3) सभी छात्रों को भाषाभिव्यक्ति का उचित अवसर उपलब्ध करायेंगे।

(4) शिक्षक आवश्यकतानुसार सहायक सामग्री का उपयोग करेंगे।

**कौशल —**

| | |
|---|---|
| (1) तर्कशक्ति | 01 अंक |
| (2) कल्पना शक्ति | 01 अंक |
| (3) अभिव्यक्ति | 01 अंक |
| (4) शब्द भंडार | 01 अंक |
| (5) समझ | 01 अंक |

**<u>खण्ड — ब</u>** **05 अंक**

**LO-L-707-विभिन्न स्थानीय सामाजिक एवं प्राकृतिक मुद्दों /घटनाओं के प्रति अपनी तार्किक प्रतिक्रिया देते हैं जैसे- बरसात के दिनों में हरा भरा होना? विषय पर चर्चा।**

## तार्किक प्रतिक्रिया देना

**गतिविधि —(1)** अपने परिवार में दादा–दादी/नाना–नानी की दिनचर्या के बारे में बताइये कि आप उनकी किन बातों को अपने जीवन में अपनाते हैं और क्यो? अपने बुजुगों के प्रति हमारे कौन–कौन से उत्तरदायित्व होने चाहिए? आपस में चर्चा कीजिए।

**निर्देश —** (1) शिक्षक बुजुर्गों से संबंधित वीडियो, फिल्म या चित्र/समाचार को मोबाईल या प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखायेगे। चर्चा करेंगे।

(2) शिक्षक द्वारा समूह विभाजन करना। छात्र समूह में चर्चा करेंगे।

(3) छात्र द्वारा बताए गए बिन्दु को श्यामपट पर शिक्षक द्वारा लिखा जाएगा।

(4) कक्षा के प्रत्येक छात्र को अभिव्यक्ति का अवसर दिया जाए।

(5) शिक्षक हर समूह के पास जाकर बात करेंगे।

(6) छात्रों से सकारात्मक व नकारात्मक दोनों तरह के उत्तर की संभावना रहेगी।

(7) नकारात्क बिन्दुओं के आने पर उसे दूर करने हेतु चर्चा करना। (जैसे बुजुर्गों की उपेक्षा/अपमान होने की बात आने पर शिक्षक बुजुर्गों के प्रति संवेदना पर चर्चा करेंगे)

**कौशल –**

| | | |
|---|---|---|
| (1) | श्रवण | 01 अंक |
| (2) | अभिव्यिक्ति | 01 अंक |
| (3) | सही गलत की पहचान | 01 अंक |
| (4) | शब्द भंडार | 01 अंक |
| (5) | संवेदनशीलता | 01 अंक |

## तार्किक प्रतिक्रिया देना

**गतिविधि –(2)** वर्षा ऋतु के प्रभाव/अनुभव पर चर्चा करना।

**निर्देश –** (1) शिक्षक वीडियो, फिल्म, चित्रचार्ट या पत्र पत्रिका के सहयोग से छात्रों को वर्षा ऋतु के बारे में बताएंगे।

(2) छात्रों को समूह में विभाजित कर अलग–अलग संदर्भ देना या बात कराना।

जैसे (1) कीचड़ (2) पेड़–पौधे (3) जीव–जन्तु (4) बाढ़ आदि पर समूह में बात करना। जैसे – (1) बाढ़ को रोकने के लिए वृक्ष लगाना।

(2) बांध बनाना।

(3) वर्षा ऋतु में होने वाली बीमारियाँ एवं उनसे बचने के उपाय।

(3) सभी बच्चों को अभिव्यक्ति का अवसर उपलब्ध कराएंगे।

(4) शिक्षक हर समूह के पास जाकर बात करेंगे।

(5) शिक्षक विभिन्न समस्याओं (वर्षा ॠतु से संबंधित) को श्यामपट में लिखेंगे।

(6) शिक्षक विषय संबंधित समस्या का समाधान करने में छात्रों का सहयोग करेंगे।

**कौशल —** (1) अभिव्यक्ति 01 अंक

(2) चिंतन 01 अंक

(3) मनन 01 अंक

(4) कल्पनाशीलता 01 अंक

(5) शब्द भंडार में वृद्धि 01 अंक

## तकनीकी उपयोग की तार्किक समझ

**गतिविधि —(3)** वर्तमान समय में टी.वी. देखने में समय का दुरूपयोग/सदुपयोग पर चर्चा करना।

**निर्देश —** (1) शिक्षक विडियो फिल्म, चलचित्र, चित्र दिखाकर समय के दुरूपयोग के बारे में बताएंगे।

जैसे — किसी छात्र द्वारा टी.वी. पर नियमित रूप से समाचार देखना एवं किसी अन्य छात्र द्वारा नियमित धारावाहिक देखा जाता है उस पर...........

(1) छात्रों को समूह में बाँटकर संदर्भ पर चर्चा कराएंगे।

(2) शिक्षक छात्रों से समूहवार एक—एक बिन्दु निकलवाते जाएगे।

(3) शिक्षक उन बिन्दुओं को श्यामपट पर लिखेंगे।

(4) शिक्षक सभी छात्रों को अभिव्यक्ति का समान अवसर देंगे।

(5) शिक्षक समय की पाबंदी से संबंधित उदाहरण देंगे।

जैसे — (1) महात्मा गाँधी (2) जवाहर लाल नेहरू आदि के जीवन में समय के महत्व को बताना।

| | | |
|---|---|---|
| **कौशल –** | (1) अभिव्यक्ति | 01 अंक |
| | (2) चिंतन / मनन | 01 अंक |
| | (3) कल्पनाशीलता | 01 अंक |
| | (4) शब्द भंडार | 01 अंक |
| | (5) समझ | 01 अंक |